राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

मनोज कुमार, भा०प्र०से०
कार्यपालक निदेशक

आदेश सं० : SHSB/GA/HR/3328/2018 (P-I)/............
पटना, दिनांक:

—: आदेश :—

विज्ञापन संख्या 11/2019 के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधीन Physiotherapist (NPCDCS) एवं Physiotherapist (RBSK) के संविदागत रिक्त पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को क्रमशः कार्यालय आदेश संख्या 4532 दिनांक 22.09.2020 एवं 4534 दिनांक 22.09.2020 द्वारा विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया। कार्यालय आदेश संख्या 4532 दिनांक 22.09.2020 के क्रमांक 8 में अंकित अभ्यर्थी Anjali, रौल नम्बर 40103911 के संबंध में प्राप्त शिकायत के आलोक में सभी चयनित एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के कागजात की पुनः जाँच की गई। प्रमाण-पत्र सत्यापन के समय समर्पित किये गये प्रमाण-पत्रों के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि निम्न अभ्यर्थियों द्वारा Physiotherapist का कोर्स वर्ष 2019 में उत्तीर्ण किया गया, परन्तु Internship से संबंधित कागजात समर्पित नहीं किया गया है, जिसके कारण विज्ञापन में आयु, कार्य अनुभव एवं शैक्षणिक योग्यता आदि के लिए निर्धारित Cut off Date 01.01.2020 तक इनकी अभ्यर्थिता सत्यापित नहीं हो पायी –

पद का नाम	रौल नम्बर	अभ्यर्थी का नाम	चयनित कोटि	पदस्थापन जिला
Physiotherapist (NPCDCS)	43312208	SOFIA PERWEEN	UR	DARBHANGA
Physiotherapist (NPCDCS)	40103911	ANJALI	UR	NALANDA
Physiotherapist (RBSK)	41507703	MANISHA RANI	UR	DARBHANGA

2. उक्त अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सत्यापित नहीं हो पाने के कारण कार्यालय आदेश संख्या 4645 दिनांक 26.09.2020 द्वारा इन्हें Internship से संबंधित कागजात समर्पित करने का निदेश दिया गया। वांछित कागजात प्राप्त होने के पश्चात् जाँचोपरांत इनके योगदान के स्वीकृति के बिन्दु पर अंतिम निर्णय लिये जाने तक इनके योगदान को स्थगित रखा गया।

3. उक्त अभ्यर्थियों में से दो अभ्यर्थियों यथा ANJALI एवं MANISHA RANI के द्वारा Internship से संबंधित कागजात समर्पित किये गये तथा एक अभ्यर्थी SOFIA PERWEEN के द्वारा Internship से संबंधित कागजात समर्पित नहीं किये गये।

4. उक्त परिस्थिति में SOFIA PERWEEN को एक अंतिम अवसर देते हुए Internship से संबंधित कागजात को दिनांक 21.12.2020 तक जमा करने का निदेश कार्यालय पत्रांक 6426 दिनांक 11.12.2020 द्वारा दिया गया। इसके बावजूद इनके द्वारा उक्त कागजात जमा नहीं किया गया। इस स्थिति में यह समझा गया कि इनका Internship दिनांक 01.01.2020 (Cut off Date) के पश्चात ही पूर्ण हुआ हो।

5. दो अभ्यर्थियों यथा ANJALI एवं MANISHA RANI के द्वारा समर्पित Internship से संबंधित कागजात के अवलोकन से स्पष्ट है कि ANJALI द्वारा Internship दिनांक 03.01.2020 को तथा

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

MANISHA RANI के द्वारा Internship दिनांक 20.04.2020 को पूर्ण की गयी। दोनों तिथियाँ निर्धारित Cut off Date 01.01.2020 के बाद की हैं, जबकि निर्धारित Cut off Date 01.01.2020 तक Internship पूर्ण हो जानी चाहिए थी।

उक्त परिप्रेक्ष्य में कंडिका - 1 में उल्लेखित तीनों अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

ह०/-

(मनोज कुमार)

ज्ञापाक : 7880 पटना/दिनांक : 2/2/2021

प्रतिलिपि- जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, नालंदा एवं दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि- सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, नालंदा एवं दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि- राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, RBSK एवं NPCDCS, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि- SOFIA PERWEEN, ANJALI एवं MANISHA RANI को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

2/2/21

कार्यपालक निदेशक